रेलगाड़ियों में बडी संख्या में मजदूरों के आवागमन के कारण अत्याधिक भीड़-भाड़ रहती है और उन्हे सामान्य डिब्बों में खड़े होने की जगह भी नहीं मिलती है;

(ख) क्या सरकार इन रेलगाड़ियों में सामान्य डिब्बों की संख्या बढ़ाने का विचार रखती है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं ?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ):

(क) जी हां, कुछ अवसरों पर ।

(ख) और (ग) जी नहीं, बहरहाल विवाह और गर्मियों के व्यस्त मौसम के दौरान, 1994-95 में पटना-कुर्ला, बरौनी-दिल्ली, जम्मू, हवड़ा-बम्बई-बड़ोदा के बीच विशेष गाड़ियां चलाई जा रही हैं, रेलों ने पटना और पुरी के बीच एक साप्ताहिक एक्सप्रेस गाडी, कटिहार और सियालदह के बीच दिन की एक गाड़ी चलाने और एक दिन टाटा-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस को गोरखपुर तक तथा जम्मू-तवी-गोरखपुर एक्सप्रेस को बरौनी तक बढ़ाने का प्रस्ताव किया है ।

झंझारपुर रेलवे स्टेशन से चलने वाली रेलगाड़ियों में आरक्षित सीटों/शायिकाओं का ब्यौरा

4778. **श्री रामदेव भंडारी:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगें कि :

(क) पूर्वोत्तर रेलवे के झंझारपुर रेलवे स्टेशन से बड़ी लाइन पर चलने वाली रेल-गाड़ियों में आरक्षित शायिकाओं/सीटों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या स्थानीय यात्री तथा उनके संगठन आरक्षित शायिकाओं/सीटों की संख्या में वृद्धि किये जाने की मांग कर रहे हैं ;

(ग) क्या सरकार वर्तमान आरक्षित कोटे में वृद्धि करने वाली है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ):

(क) झंझारपुर रेलवे स्टेशन पर उपलब्ध आरक्षण कोटा नीचे दिया गया है :-

गाड़ी	शयनयान बर्थ
5253 अप वैशाली एक्सप्रेस	-4
3020 डाउन गोरखपुर-हावड़ा एक्सप्रेस	-4
3026 डाउन नार्थ-बिहार एक्सप्रेस	-4
5028 डाउन मौर्य एक्सप्रेस	-2
8182 डाउन टाटा एक्सप्रेस	-2
5207 अप आम्रपाली एक्सप्रेस	-3

(ख) जी हां ।

(ग) जी नहीं ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

पाठ्य पुस्तकों तथा अन्य लेखन सामग्री की सुपुर्दगी

4779. **श्री लक्खीराम अग्रवाल:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगें कि :

(क) क्या यह सच है कि प्रकाशक परेषकों द्वारा गंतव्य रेलवे स्टेशन पर माल मंगाकर न छुड़ाने की स्थिति में पाठ्य पुस्तकों तथा अन्य लेखन सामग्री के अपने परेषण सामान को वापस लेने के लिए प्रकाशकों/परेषकों को गंतव्य रेलवे स्टेशन पर ही जाना पड़ता है;

(ख) यदि हां तो इसके क्या कारण है;

(ग) क्या पाठ्य पुस्तकों तथा अन्य लेखन सामग्री के परेषण को उन्हें पुन: बुक करवाने पर वापस भेजने की सुविधा वापस ले ली गई है; और

(घ) तत्संबंधी ब्यौरा क्या है। ?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ)

(क) से ( ) सी पों के लि